256 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 98 हजार से अधिक वसूला जुर्माना

खंडवा। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे हेलमेट विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 256 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान एमवी एक्ट के तहत 98 हजार 200 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय के नेतृत्व में संचालित किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक चलाए जा रहे हेलमेट विशेष अभियान के तहत जिले के समस्त थाना प्रभारियों और यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। साथ ही ओवरलोड वाहनों में सवारी नहीं बैठाने की समझाइश भी दी गई। पुलिस ने नागरिकों से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों द्वारा 3 गिरफ्तारी वारंट, 19 जमानती वारंट और 31 समंस तामील किए गए। वहीं 32 असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर 18 व्यक्तियों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की है।

पिकअप वाहनों में ओवरलोडिंग की सघन जांच

मूंदी। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में पिकअप वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यात्री परिवहन के उद्देश्य से मॉडिफाई किए गए एवं ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।निर्देशों के पालन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मूंदी क्षेत्र में भी पुलिस द्वारा पिकअप वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिनका उपयोग नियमों के विरुद्ध यात्री परिवहन के लिए किया जा रहा था।पुलिस ने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि मालवाहक पिकअप वाहनों में यात्रियों को बैठाना न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि दुर्घटनाओं का बड़ा कारण भी बन रहा है। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग और अवैध रूप से मॉडिफाई किए गए वाहनों की भी जांच की गई।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्याज, अरबी और टमाटर प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग प्रशिक्षण संपन्न

खंडवा । एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित जिले के प्रमुख उत्पाद प्याज, अरबी, टमाटर के उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग के संबंध ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों की महिलाओं को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक श्री आनंद शर्मा ने बताया कि कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में यह प्रशिक्षण 5 से 9 मई तक सीवी रमन यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को नवीन आजीविका गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि वे अपने स्थानीय कृषि उत्पादों जैसे-प्याज, टमाटर, अरबी के प्रोसेसिंग और मार्केटिंग कर अधिक आय अर्जित कर सके और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

दौड़वा के मां बागेश्वरी धाम में दान किया वॉटर कूलर

खंडवा। तपती धूम मे राहगीरों को राहत देने के लिए स्व चन्द्रकला लाड़, स्व हुकूमचंद लाड पिता स्वअनोखीलाल लाड की स्मृति में पुत्र दुर्गेश लाड,अखिलेश लाड़, उमेश लाड, हरिकेश लाड, कमलेश लाड, धर्मेश लाड के द्वारा माँ बागेश्वरी धाम दौड़वा में वाटर कूलर भेंट किया गया ।जिसको समिति द्वारा उपयोगी स्थान पर लगाकर शीतल ठंडा जल आने जाने वालों को उपलब्ध रहेंगा इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, सरपंच देवेंद्र सिंह रावत, उपसरपंच दिलीप वर्मा, स्वरूप सेठ लाड , विष्णु लाड़, दुर्गाराम यादव,रमेश राठौर , सुमित लाड , अनिल राठौर, डॉ दुर्गेश जायसवाल, नमन लाड, दिनेश जायसवाल, अंकुर लाड सहित समिति के कार्यकर्ताओ ने लाड परिवार का आभार व्यक्त कर सहराना की ।

सिंधी सेवा मंडली का शपथ-पदग्रहण समारोह 18 मई को

खंडवा। सिंधी सेवा मंडली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सभनानी एवं उनकी नई कार्यकारिणी का शपथ एवं पदग्रहण समारोह 18 मई को आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय शनिवार रात्रि सिंधी धर्मशाला सभागृह में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि बैठक में धर्मशाला के निर्माण कार्यों को गति देने, कुएं की सफाई, समाजजनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शिकायत एवं संपर्क के लिए विशेष नंबर जारी करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मेठाराम पिंजानी, गोपालदास पमनानी, प्रकाश आहूजा, हरेश कुमार संतवानी, शंकरलाल आसवानी, जयरामदास खेमानी, मनोज गेलानी, जेठानंद हरचंदानी, रामेश थदानी, राजकुमार सहजवानी, पवन वासवानी, नानक आर्तवानी, संजय कृपलानी, हनी मेघवानी एवं प्रबंधक दिनेश गोस्वामी सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संजय सभनानी ने किया तथा आभार मनोज गेलानी ने व्यक्त किया।

झोलाछाप डॉक्टरों के जाल में फंसी मासूम जिंदगियां

क्या मौतों के पुराने जख्म भूल गया प्रशासन...

नवभारत न्यूज़

खंडवा। जिले के ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली का फायदा उठाकर झोलाछाप डॉक्टरों ने अपना खूनी जाल बिछा दिया है। जिले के खालवा, रोशनी, आशापुर, पटाजन सहित पंधाना, छैगांवमाखन और मूंदी जैसे क्षेत्रों में ये सफेदपोश यमदूत खुलेआम चांदी काट रहे हैं।

विडंबना यह है कि यह कोई नया खतरा नहीं है। पूर्व में जिले के विभिन्न हिस्सों में इन्हीं झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज, गलत इंजेक्शन और ओवरडोज के कारण कई मासूम अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की चुप्पी यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या विभाग को किसी और बड़ी त्रासदी का इंतजार है? इन क्षेत्रों में बंगाली डॉक्टरों के नाम से मशहूर कथित चिकित्सकों ने अवैध क्लीनिकों को लूट का अड्डा बना लिया है। यहाँ इलाज का एक ही फॉर्मूला है मरीज आते ही उसे बिस्तर पर लेटाकर सलाइन (बोतल) चढ़ा देना। बिना किसी पैथोलॉजी जांच और बिना किसी डिग्री के, ये डॉक्टर मरीज को हाई-डोज एंटीबायोटिक और स्टेरॉयड दे देते हैं। तात्कालिक राहत के झांसे में आकर अनपढ़ और गरीब ग्रामीण इनके पास खिंचे चले

आते हैं और अपनी मेहनत की कमाई इन लुटेरों के हवाले कर देते हैं। अतीत में हुई मौतों के बाद कुछ समय के लिए प्रशासन जागता है, इक्का-दुक्का क्लीनिक सील किए जाते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों बाद ये दुकानें फिर से सज जाती हैं। खालवा और रोशनी जैसे संवेदनशील आदिवासी क्षेत्रों में तो स्थिति और भी भयावह है, जहाँ सरकारी अस्पतालों की दूरी और वहां सुविधाओं की कमी का सीधा लाभ इन झोलाछापों को मिल रहा है। सलाइन चढ़ाने के नाम पर एक-एक मरीज से हजारों रुपये वसूलना यहाँ आम बात हो गई है।सवाल यह उठता है कि जब पूर्व में मौत के मामले सामने आ चुके हैं, तो स्वास्थ्य विभाग नियमित औचक निरीक्षण क्यों नहीं करताड़ पंधाना, पुनासा और मूंदी जैसे बड़े केंद्रों के आसपास के गांवों में इन झोलाछाप डॉक्टरों की सूचियां विभाग के पास क्यों नहीं हैं? क्या केवल कागजी नोटिस जारी करना ही प्रशासन की जिम्मेदारी हैं? आदिवासी अंचलों की भोली जनता को इन मौत के सौदागरों के भरोसे छोड़ देना प्रशासनिक विफलता कही जा सकती है। समय रहते इन फर्जी क्लीनिकों पर सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की और जड़ से नहीं उखाड़ा, तो जिले में एक बार फिर किसी घर का चिराग बुझने में देर नहीं लगेगी। अब समय आ गया है कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद त्यागे और इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि फिर कोई परिवार गलत इलाज की भेंट न चढ़े।

व्यस्तम मार्ग के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

नवभारत न्यूज़

खंडवा खंडवा। शहर के सबसे व्यस्त बांबे बाजार क्षेत्र में शनिवार देर शाम प्रशासन ने बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए नगर निगम से रेलवे स्टेशन तक सड़क किनारे फैले अवैध कब्जों पर बुलडोजर चला दिया। सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर और नगर निगम उपायुक्त सचिन सिटोले के नेतृत्व में चली कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे लगे ठेले हटाए गए और दुकानों के बाहर बने कच्चे छज्जों को जेसीबी से तोड़ा गया।

प्रशासन ने इस कार्रवाई को शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने की कवायद बताया है। अधिकारियों के अनुसार रेलवे स्टेशन से नगर निगम, जिला अस्पताल और मुख्य बाजार को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग अतिक्रमण के कारण पूरी तरह प्रभावित हो रहा था। कई बार जाम में एंबुलेंस तक फंसने की स्थिति बन रही थी।हालांकि इस कार्रवाई के पीछे राजनीतिक हलचल भी चर्चा में रही। दरअसल, पिछले दिनों बाजार में ठेला लगाने वालों से अवैध वसूली के आरोप सामने आए थे। घंटाघर क्षेत्र में मोमोज का ठेला लगाने वाले एक दुकानदार ने कथित वसूली का खुलकर विरोध किया था। मामला भाजपा के भीतर तक पहुंचा और पार्टी के ही एक गुट ने कथित वसूली करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।बताया जा रहा है कि शनिवार को भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में भी यह मुद्दा गरमाया रहा। इसके बाद प्रशासन और शहर सरकार ने डैमेज कंट्रोल की रणनीति के तहत तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। देर शाम बाजार में ग्राहकी के चरम समय पर जेसीबी पहुंचने से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। कई दुकानदारों ने विरोध जताया, लेकिन प्रशासनिक अमला कार्रवाई में जुटा रहा।भारी भीड़ और बाजार की अफरा-तफरी के बीच चली इस कार्रवाई ने पूरे शहर में चर्चा का माहौल बना दिया है। प्रशासन का कहना है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

सिंहस्थ की तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन

ओंकारेश्वर पहुंच एसपी अगम जैन ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

नवभारत न्यूज़

खंडवा। आगामी सिंहस्थ को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने ओंकारेश्वर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

एसपी ने निर्माणाधीन पुलिस भवन, एकात्म धाम, प्रमुख घाटों तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन को देखते हुए सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएं और सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित किया जाए। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत और व्यवस्थित होना आवश्यक है। पुलिस प्रशासन द्वारा घाटों पर निगरानी व्यवस्था, कंट्रोल रूम संचालन, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में भी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रशासन का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है।

सौंदर्यीकरण और स्वच्छता अभियान का किया उद्घाटन

नवभारत न्यूज़

खंडवा। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज आबना नदी के तट पर स्वच्छता, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत लगभग पचास हजार वर्गमीटर क्षेत्र में नदी तट की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान में एमआईसी सदस्य राजेश यादव, आयुक्त प्रियंका राजावत, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, बालाजी ग्रुप सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य एवं नागरिकजन उपस्थित रहे।

मानव श्रृंखला बनाकर हटाया गया नदी तट का कचरा- कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थितजनों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नदी किनारे जमा कचरे को बाहर निकालने से हुई। स्वच्छता कार्य हेतु प्रतिभागियों को ग्लव्स प्रदान किए गए, जिससे सुरक्षित एवं

व्यवस्थित रूप से अभियान संचालित किया गया। पोकलेन मशीन से प्रारंभ हुआ गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य- स्वच्छता अभियान के पश्चात पोकलेन मशीन की सहायता से नदी की सफाई, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य वर्षाजल संरक्षण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन एवं पर्यावरण संतुलन को मजबूत करना है।

जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं स्वच्छता की दिलाई गई शपथ- इस अवसर पर आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने उपस्थित सभी नागरिकों, अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों को जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

जनसहभागिता से निरंतर जारी रहेंगे अभियान- आज का अभियान नगर निगम बालाजी ग्रुप के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। नगर निगम द्वारा भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे तथा आमजन से सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग की अपेक्षा की गई।

हनुमानगढ़ व्यायामशाला का में नि :शुल्क शस्त्रकला प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज़

खंडवा। ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों और युवाओं को पारंपरिक खेलों एवं शारीरिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से श्री हनुमानगढ़ व्यायामशाला द्वारा आयोजित 45 दिवसीय नि:शुल्क अखाड़ा प्रशिक्षण शिविर इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 1 मई से शुरू हुए इस शिविर में 7 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे और युवा बड़ी संख्या में भाग लेकर लठ्ठबाजी, तलवारबाजी, नानचाकू, चक्रा सहित विभिन्न पारंपरिक शस्त्र विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

शिविर के मुख्य प्रशिक्षक मनीष कुमार मलानी ने बताया कि आधुनिक डिजिटल दौर में युवा पीढ़ी अपनी पारंपरिक कलाओं और सांस्कृतिक विरासत से दूर होती जा रही है। ऐसे में अखाड़ा और लठ्ठबाजी जैसी प्राचीन युद्ध कलाओं को संरक्षित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा

कि लठ्ठबाजी केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, अनुशासन, मानसिक एकाग्रता और शारीरिक क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।अखाड़ा के अमित वैणानी ने बताया कि मोबाइल और डिजिटल दुनिया के बढ़ते प्रभाव से बच्चों में शारीरिक गतिविधियां कम होती जा रही हैं, जिससे मानसिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।समाजसेवी कमल नागपाल ने बताया कि शिविर में सिंधी समाज के साथ अन्य समाजों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक टैगोर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के समीप संचालित किया जा रहा है और यह शिविर 15 जून तक चलेगा। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक मनीष कुमार मलानी के साथ राहुल चंचलानी, जतिन दुल्हानी, कृष्णा रेवतानी और हर्ष गोस्वामी सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। प्रतिदिन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ प्रशिक्षण सत्र का समापन किया जाता है।

एक नजर **देहदानी स्व . मेघराज जैन को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई**

सक्षम लायंस नेत्रदान-देहदान समिति के सहयोग से करवाया 24वां देहदान

नवभारत न्यूज़

खण्डवा। आदर्श नगर लालचौकी निवासी 81 वर्षीय देहदानी स्व. मेघराज जैन के देवलोकगमन उपरांत उनके पार्थिव शरीर का देहदान समाजसेवा एवं मानवता की मिसाल बन गया। लायन्स नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि स्व मेघराज जैन के पुत्र एवं लायन्स क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष लायन रजनीश जैन सहित परिवारजनों अमरीष जैन, तरुण कुमार जैन तथा जैन समाज के वीरेन्द्र जैन की सहमति से समिति के माध्यम से देहदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

समाजसेवी व सदस्य सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देहदानी व्यक्तियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किए जाने की घोषणा के अनुरूप नोडल अधिकारी सूबेदार जामोद के निर्देशन में पुलिस विभाग की टीम द्वारा लायन्स भवन खण्डवा में स्व. मेघराज जैन के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। देहदान की संपूर्ण प्रक्रिया में लायन्स नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती, डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले, सुनील जैन, अनिल बाहेती, राजीव शर्मा, राजीव मालवीय, डॉ. राधेश्याम पटेल, गांधी प्रसाद गदले, घनश्याम वाधवा, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, रणवीर सिंह

चावला, चंचल गुप्ता, लियो सुमित परिहार, अर्पित बाहेती, अपूर्व उपाध्याय सहित लायन्स क्लब खण्डवा, सक्षम संस्था, महर्षि दधीचि देहदान समिति एवं लियो क्लब खण्डवा के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात स्व. मेघराज जैन की अंतिम यात्रा निज निवास से मेडिकल कॉलेज खण्डवा के लिए रवाना हुई। नारायण बाहेती ने बताया कि नेत्रदान एवं देहदान के प्रति सतत जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप समिति के सहयोग से यह 24वां देहदान संपन्न हुआ। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डीन डॉ संजय दादू, डॉ. विनित गोहिया, डॉ. राजीव जोशी, डॉ. बुद्धदेव घोष एवं डॉ. नितिन नाईक सहित चिकित्सकों, मेडिकल विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पमालाएं अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में चिकित्सकों ने मृत देह को मेडिकल विद्यार्थियों का प्रथम गुरु बताते हुए देहदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा समिति एवं परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में नारायण बाहेती, सुनील जैन, रणवीर सिंह चावला, अनिल बाहेती, राजीव मालवीय, घनश्याम वाधवा, उमाशंकर उपाध्याय, लायन्स क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय, राजीव शर्मा, देवेन्द्र जैन, वीरेन्द्र जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। लायन रजनीश जैन ने समिति, लायन्स क्लब खण्डवा एवं जैन समाज खण्डवा,मेडिकल कॉलेज खण्डवा के प्रति आभार व्यक्त किया।